तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 30 जून 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

12 सहकारिता सचिव ने की मक्का प्रसंस्करण संयंत्र के कार्यों की ...

13 अपने जन्म दिवस पर पौधे लगाने की परंपरा ...


छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24




**कार्रवाई : महापौर आयुक्त समेत एमआईसी सदस्यगण पहुंचे ग्राउंड जीरो पर**

# भारी बारिश से शहर के आधा दर्जन वार्डों में जलजमाव से लोग बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- देर रात 12 बजे तक एमआईसी सदस्य राव व आयुक्त जल निकासी में जुटे रहे

तीन दिन पहले गुरुवार को संभाग मुख्यालय जगदलपुर में भारी बारिश के चलते शहर के आधा दर्जन वार्ड में जलजमाव की स्थिति निर्मित होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दलपत सागर के गायत्री नगर, वल्लभ भाई पटेल वार्ड, अंबेडकर वार्ड, जवाहर नगर वार्ड, दन्तेश्वरी वार्ड, विवेकानंद वार्ड, ठाकुर अनुकूल देव वार्ड, शिव मंदिर वार्ड, प्रवीर वार्ड, रमैया वार्ड समेत निचली बस्तियों के घरों में जलजमाव की स्थिति निर्मित होने से रहवासियो को पूरी रात जागना पड़ा। जलजमाव की सूचना मिलते ही एमआईसी सदस्य नरसिंह राव व आयुक्त हरेश मंडावी गुरुवार की रात स्वच्छता दल के साथ समस्याग्रस्त वार्ड ग्राउंड जीरो में पहुंच व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटे रहे। आयुक्त के मौजूदगी में स्वच्छता निरीक्षक हेमंत श्रीवास के मार्गदर्शन में नालियों में जाम क्लीयर करने स्वच्छता दल रात 12 बजे तक जुटे रहे। इस दौरान लंबे बांस, फावड़ा, सब्बल, रॉड व अन्य सफाई सामग्री के सहायता से जाम को क्लीयर किया गया। तब तक एमआईसी सदस्य राव व आयुक्त डटे रहे। दूसरे दिन सुबह महापौर सफिरा साहू, वरिष्ठ एमआईसी सदस्य यशवर्धन राव व नरसिंग राव वार्ड में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान रमैया वार्ड और सुभाष वार्ड के मध्य बड़ा नाला में जाम की स्थिति रहने से पुराना नरेंद्र टाकीज सड़क व बलदेव स्टेट कालोनी को जोड़ने वाली सड़क पर घुटने तक पानी जाम था, जिसे रात को ही निकासी की व्यवस्था की गई। महापौर के मुताबिक कहीं-कहीं पर निर्माण कार्य के चलते ठेकेदार कार्य में आसानी हो इसे ध्यान में रखकर निकासी को रेत के बोरे से बन्द कर दिए थे, इसीलिए जाम की स्थिति निर्मित हुई। रेत बोरे को हटाने के बाद निकासी की व्यवस्था के बाद क्लीयर किया गया। सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड के कुछ घरों में बारिश का पानी समाने से रहवासी परेशान थे।



**दलपत सागर का आउटलेट पहले से खोल दिया गया था**

बारिश को ध्यान में रखते जलजमाव की समस्या से निपटने दलपत सागर आउटलेट को पहले से ही खोल दिया गया था। उन्होंने बताया रमैया वार्ड के एसटीपी पंप को भी एक दिन पहले खोल दिया गया था,ताकि जाम की स्थिति न रहे। लेकिन एकाएक 7 इंच बारिश होने से कुछ स्थानों में जलजमाव की स्थिति निर्मित हुई। जिसे आयुक्त के मार्गदर्शन और रात 12 बजे तक उनके और एमआईसी सदस्य नरसिंग राव के उपस्थिति में स्वच्छता दस्ता जाम क्लीयर किया गया।

- **सफिरा साहू**, महापौर

# गांजे का अवैध परिवहन आरोप में दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

- थाना गीदम क्षेत्र में दो अलग-अलग जगहों पर छापेमार की कार्रवाई

जिले में अपराधों की रोकथाम एवं असमाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक गौरव राय के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन एवं उन्नति ठाकुर एसडीओपी बारसूर के पर्यवेक्षण में गीदम पुलिस द्वारा लगातार असमाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। 28 जून को मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर मादक पदार्थ गांजा को अवैध परिवहन एवं बिक्री करने वाले 2 आरोपियों को पकड़ने में गीदम पुलिस को सफलता मिली है। मुखबीर की सूचना के आधार पर प्रकाश विश्वास पिता काशीनाथ विश्वास उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम नेलसनार थाना बांगापाल जिला बीजापुर मूल निवासी एमवी. 9 मल्कानगिरी थाना जिला मल्कानगिरी ओड़िसा एवं अशोक ठाकुर पिता प्रेम सिंह ठाकुर उम्र 34 वर्ष निवासी समलूर कबाडी पारा थाना गीदम जिला दन्तेवाड़ा छग को पकड़ा गया। जिनके कब्जे से मादक पदार्थ 7.5 किलो ग्राम गांजा, हीरो डिलक्स मोटर सायकल एवं नगदी 540 रुपए कुल रकम 52,940 एवं एक के पास नायलान के थैला में कुल 2.200 किग्रा मादक पदार्थ गांजा वजनी थैला सहित कीमती 15400 एवं आरोपी के कब्जे से नगदी रकम 1000 कुल 16400 को जप्त किया गया है। प्रकाश विश्वास के विरूद्ध थाना गीदम में अपराध क्रमांक-75/2024 धारा-20 (बी) एनडीपीएस एक्ट तथा अशोक ठाकुर के विरूद्ध अपराध क्रमांक-76/2024 धारा-20 (बी) एनडीपीएस एक्ट कायम कर माननीय न्यायालय दंतेवाड़ा पेश किया गया है।

## खबर संक्षेप

### दो वाहनों की टक्कर में दोनों चालक घायल, दर्ज की रिपोर्ट

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत शहर के मिनी स्टेडियम के पास दो वाहन के बीच भिड़ंत हो गया। वाहन टकराते ही दोनो वाहन के चालक जमीन पर गिर गए और दोनो को चोट आई। चालको द्वारा एक दूसरे के खिलाफ तेज व लापरवाही से वाहन चलाने की शिकायत कांकेर थाना में किया गया है। पुलिस ने दोनो पक्षो की बात सुनकर काउंटर केस दर्ज किया गया। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे श्रीराम नगर कांकेर निवासी 28 वर्षीय देवेश मिश्रा पिता दिनेश मिश्रा ने पुलिस को बताया की 28 जून की रात करीबन 9 बजे स्कूटी क्रमांक सीजी 05 डब्ल्यूएस 0157 में सवार होकर ज्ञानी चौक की ओर जा रहा था। नया बस स्टैंड पास स्कूटी क्रमांक सीजी 05 एएम 2182 के चालक द्वारा बिना संकेत दिए अचानक मोड़ने के कारण मेरी स्कूटी अनियंत्रित होकर टकरा गई और सड़क पर गिर गया, जिससे चोटें आई है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी स्कूटी चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। दूसरे पक्ष से थाना में शिकायत करने पहुंचे शांति नगर कांकेर निवासी 23 वर्षीय दानेश्वर कावड़े पिता गैंदसिंह कावड़े ने पुलिस को बताया कि 27 जून को दोपहर करीबन 12 बजे स्कूटी क्रमांक सीजी 05 एएम 2182 मे सवार होकर नया बस स्टैंड जा रहा था। मिनी स्टेडियम के पास पहुंचा था और स्कूटी वाहन से इंडिगेटर संकेत देते हुए मोड़ रहा था। उसी समय आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 05 डब्ल्यूएस 0157 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे चोंटे आई है। वाहन चालक हमारे द्वारा दिए गए इंडीकेटर को ध्यान न देते हुए मेरे वाहन को ठोकर मारकर एक्सीडेंट किया है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत ग्राम मरकाटोला निवासी 47 वर्षीय मुकेश कुमार उसेंण्डी पिता महावीर उसेंण्डी का 27 जून को सुबह करीबन 9 बजे परीक्षा देकर मोटर साइकल क्रमांक 19 बीआर 5254 से वापस आते वक्त कढ़ाईखोदरा के पास एक्सीडेंट हो गया। सड़क दुर्घटना में मृतक को गंभीर चोट आई, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच कार्यवाही मे लिया है।

# 57 हजार नकद और 10 बाइक जब्त, तीस जुआरी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

जिला दंतेवाड़ा के कटेकल्याण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कटेकल्याण में 30 जुआरियों को 57400 रुपए नगद, 52 पत्ती ताश के साथ जुआ खेलते पुलिस ने पकड़ा और मौके से 10 मोटर सायकल जप्त किया।

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके बर्मन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कमलजीत पाटले के पर्यवेक्षण में थाना कटेकल्याण क्षेत्र में जुआ खेलने के शिकायत पर जुआ रेड की कार्यवाही हेतु टीम तैयार कर 28 जून को रात्रि में डोंगरी गुड़ापारा कटेकल्याण में दल बल के साथ पहुंचकर एक खाली मकान के अंदर बिजली की रोशनी में जुआ खेल रहे जुआरियों को घेराबंदी कर कार्यवाही किया गया। मौके पर 30 जुआरी पकड़े गए। जिनकी तलाशी लेने पर फड़ एवं पास से कुल 57400 रुपए नगद, 52 पत्ती ताश एक नग, बोरी फट्टी 2 नग, मोबाइल जिसमें करीबन 8000 रुपयों का ट्रांजैक्शन किया हुआ एवं 10 नग मोटर सायकल मौके पर जप्त कर सभी जुआरियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में डीएसपी आशीष कुमार नेताम पुलिस अधीक्षक कार्यालय दंतेवाड़ा व उनकी टीम एवं थाना कटेकल्याण पुलिस का योगदान रहा।

# पीएस ने वीसी से राजमार्ग के प्रगति कार्यों की समीक्षा की

**कांकेर।** प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन शनिवार 29 जून को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यों की समीक्षा करते हुए भूमि अधिग्रहण, मुआवजा एवं वन विभाग से क्लियरेंस के प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही मुख्य सचिव ने प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में मोबाइल टॉवर स्थापना से संबंधित कार्यों की प्रगति की भी जानकारी ली। जिला कार्यालय के सभाकक्ष से कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर भी बैठक में वर्चुअल रूप से शामिल हुए। मुख्य सचिव ने बैठक में जिलेवार लंबित प्रकरणों की जानकारी ली और कहा कि राज्य में एनएच एवं एनएचएआई के कई महत्वपूर्ण परियोजना निर्माणाधीन हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने से निश्चित ही राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही राज्य की अर्थव्यवस्था में भी बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने कहा कि राज्य की प्रक्रियाधीन परियोजनाओं के अंतर्गत आने वाले जिले के संबंधित कलेक्टर राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए भूमि अधिग्रहण से संबंधित जिला स्तर पर लंबित विभिन्न कार्यों और नामांतरण के प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाएं।




## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124


सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

# बंगाल की खाड़ी में बना निम्न दाब का क्षेत्र, बारिश के संकेत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मुताबिक वायुमण्डल में एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे तटीय उड़ीसा, गंगटोक पश्चिम बंगाल की खाड़ी के उपर स्थित है तथा इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। साथ ही एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी उत्तर प्रदेश और उससे लगे बिहार के उपर 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। इसके अलावा एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका पश्चिम उत्तरप्रदेश से निम्न दाब के केंद्र तक स्थित है। एक विंड शियर जोन 20 अंश उत्तर में 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के विज्ञानी एचपी चन्द्रा के मुताबिक अलग-अलग सिस्टम की वजह से प्रदेश में 30 जून को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की सम्भावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा होने, वज्रपात होने तथा अंधड़ चलने की सम्भावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में गिरावट संभावित है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः मध्य छत्तीसगढ रहने की सम्भावना है ।

**खबर संक्षेप**

## 1 करोड 44 लाख के कार्यों की मिली स्वीकृति

**कोण्डागांव**। मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन मद तथा एनएमडीसी परिक्षेत्र विकास निधि सीएसआर मद से 1 करोड़ 44 लाख रुपए के विभिन्न कार्यों की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इनमें छत्तीसगढ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण मद से कोंडागांव जिले में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 94 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। ये कार्य नगर पालिका परिषद् कोंडागांव, कोंडागांव विकासखंड के ग्राम पंचायत मोहलई, करनपुर, बनियागांव, बडेकनेरा, बनजुगानी, चिलपुटी, दहिकोंगा, चिपावण्ड, माकड़ी विकासखंड की ग्राम पंचायत राकसबेड़ा, बेलोण्डी, माकड़ी, कोकोड़ी, सोड सिवनी में संपादित किए जाएंगे। इसी प्रकार एनएमडीसी परिक्षेत्र विकास निधि सी.एस.आर. मद अन्तर्गत 10 देवगुडी – मातागुडी का निर्माण के लिए 50 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। देवगुड़ी, मातागुड़ियों का निर्माण कोंडागांव विकासखंड की ग्राम पंचायत कोगेरा, मालाकोट, घोड़ागांव, माकड़ी विकासखंड के ग्राम पंचायत सचिव करण्डी, देवउरबाल फरसगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत चिंगनार, पावड़ा, चांदाबेड़ा व केशकाल विकासखंड के ग्राम पंचायत खालेमुरवेंड, रावबेड़ा में किया जाएगा।

## गांजा तस्कर को 10 साल का कारावास

**फरसगांव** । गांजा तस्करी के एक आरोपी को विशेष एनडीपीएस एक्ट की अलग- अलग धाराओं में 10 साल का कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। जिले के फरसगांव थाना पुलिस ने 23 मई 2022 में मुखबिर की सूचना के आधार पर



रामदेव सिन्हा पिता शिवराम सिन्हा उम्र 36 वर्ष निवासी गुहाबोरंड प्लाटपारा थाना फरसगांव को पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 17 केजे 0941 में गांजा तस्करी करते गिरफ्तार किया था। वहीं घटना के दौरान उनके कब्जे से 74 किलो से अधिक अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया था। इस मामले पर विशेष एनडीपीएस एक्ट उत्तरा कुमार कश्यप न्यायालय में आरोपी रामदेव सिन्हा के विरुद्ध गांजा तस्करी का दोष सिद्ध हो गया है। जिसे लेकर न्यायालय ने 10 वर्ष सश्रम कारावास और एक लाख रुपए का अर्थदंड का सजा सुनाया है। वही 28 जून को इस मामले के संबंध में विशेष लोक अभियोजक प्रभा मिश्रा ने मीडिया को जानकारी दी है।

## गीतकारमुड़ा में मनाया प्रवेशोत्सव



**नगरी**। प्राथमिक शाला गीतकारमुड़ा में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गुलाल लगाकर बच्चों का मुंह मीठा किया गया। पालकों को शासन द्वारा जारी आवश्यक दिशा निर्देश 32 बिन्दुओं को पढ़कर सुनाया गया। साफ सफाई, नियमित उपस्थिति, किचन गार्डन, वृक्षारोपण आदि पर चर्चा किया गया। बच्चों को पानी बाटल दिया गया। गणवेश, पुस्तक वितरण किया गया। बच्चों की मलेरिया जांच भी किया गया। मौके पर प्रधान पाठक कमलेश्वर प्रसाद चंद्राकर शिक्षक एस.बी. मिर्जा पालक, रसोईया, नागरिकगण उपस्थित थे।

## राशनकार्ड नवीनीकरण कल तक

**धमतरी**। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए 30 जून तक समयावृद्धि की गई है। जिला खाद्य अधिकारी ने राशन कार्डधारियों से अपील की है कि वे नवीनीकरण एप्लीकेशन या संबंधित दुकानों के एप्लीकेशन से कार्डों का नवीनीकरण नियत तिथि तक अनिवार्य करा लें।

# बस्तर का काला सोना फुटू की आमद, कीमत सुनकर उड़ जाएंगे होश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

आपने सब्जियां तो कई किस्म की खाईं होंगी. सस्ते से लेकर महंगी तक. लेकिन एक सब्जी ऐसी भी है जो सोने के भाव में बिकती है। आप सोच रहे होंगे कि क्या ऐसी भी कोई सब्जी हो सकती है। लेकिन ये हकीकत है. ऐसी सब्जी होती है. ये सब्जी मिलती है।

■ शौकीन नहीं करते परवाह और हाथों हाथ होती है बिक्री

यह सब्जी छत्तीसगढ के बस्तर में पाई जाती हैं। बस्तर में मिलने वाली इस सब्जी की कीमत पांच हजार किलो तक है। तो आइए जानते हैं इस सब्जी के बारे में पांच हजार प्रति किलो तक बिकती है ये सब्जी हम जिस सब्जी की बात कर रहे हैं। उसे बस्तर की आम भाषा में बोडा कहा जाता है। बोडा बारिश में मिलने वाले पुटू की एक किस्म है. जो रंग में काला दिखता है। मॉनसून की पहली बारिश के साथ ही बस्तर के जंगलों से आदिवासी बोडा निकालकर बाजारों तक लाते हैं। जहां इसकी शुरुआती कीमत 5 हजार रुपए प्रति किलो तक होती है। फिर जैसे–जैसे बाजार में इसकी उपलब्धता होती जाती है कीमत कम होने लगती है।

**सबसे महंगी सब्जी, शुरुआती दौर पर पांच हजार प्रति किलो**



बोडा मशरूम की एक प्रजाति है. यह बस्तर के सुदुर अंचलों में पाया जाता है। मशरूम की प्रजाति होने की वजह से इसमें सबसे ज्यादा प्रोटीन की मात्र होती है. जमीन के भीतर से निकलने की वजह से इसमें मिनरल्स भी काफी मात्र में होते हैं। जो स्वास्थ्य को अच्छा रखने में सहायक होते हैं। इन्हें खाने से शरीर को भरपूर मात्र में विटामिन मिलता है।

### बैठक : कामों को शीघ्र पूरा करें: डा. प्रसन्ना

# सहकारिता सचिव ने की मक्का प्रसंस्करण संयंत्र के कार्यों की प्रगति की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

सहकारिता विभाग के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना ने कोकोड़ी में निर्माणाधीन मक्का प्रसंस्करण संयंत्र के प्रगति की समीक्षा की। जिला कार्यालय के भू–तल स्थित सभाकक्ष में गुरुवार को संयंत्र के विभिन्न इकाइयों के प्रगति की जानकारी ली और कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत भी उपस्थित रहे।

डॉ. प्रसन्ना ने संयंत्र के संचालन के लिए आवश्यक सभी विधिक अनुमतियां प्राप्त करने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने इसके साथ ही मक्के की खरीदी एवं उसके भंडारण की व्यवस्था तथा मानव संसाधन की उपलब्धता के संबंध में भी चर्चा की। किसानों को अधिक से अधिक लाभ के लिए बेहतर मॉडल के साथ संयंत्र के संचालन के लिए निर्देशित किया। उन्होंने संयंत्र के संचालन के लिए विद्युत सहित आवश्यक सामग्री की व्यवस्था के संबंध में भी समीक्षा की। इसके साथ ही संयंत्र से उत्पादित अन्य अवयवों के उचित निस्तारण की योजना के संबंध में भी जानकारी ली।



**संयंत्र के माध्यम से प्रतिदिन 80 हजार लीटर एथेनॉल का होगा उत्पादन**

उल्लेखनीय है कि कोकोड़ी में मक्का प्रसंस्करण संयंत्र का निर्माण अंतिम चरणों में है तथा कुछ इकाइयों का निर्माण पूर्ण हो चुका है, जिसकी टेस्टिंग का कार्य शेष है। इस संयंत्र के माध्यम से प्रतिदिन 80 हजार लीटर एथेनॉल का उत्पादन किया जाएगा, जिसके लिए लगभग 200 मीट्रिक टन मक्का की आवश्यकता होगी। इस संयंत्र से बिल्कुल भी अपशिष्ट का उत्पादन नहीं होगा वहीं संयंत्र में एथेनॉल के अतिरिक्त उत्पादित अन्य सामग्री से पशुओं के लिए चारा बनाया जाएगा। संयंत्र के संचालन के लिए बाहरी विद्युत की आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि यह संयंत्र अपने संचालन के लिए ऊर्जा का उत्पादन स्वयं करेगा।

### जल्द शुरू होगा साईलो का भराव

कलेक्टर श्री दुदावत ने इस अवसर पर बताया कि शीघ्र ही साईलो के भराव का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होने बताया कि मक्का खरीदी के लिए सीधे संयंत्र में व्यवस्था करने के साथ ही समितियों के माध्यम से भी मक्का खरीदी की कार्ययोजना तैयार की जा रही है तथा मक्का भंडारण के लिए गोदामों का निर्माण भी किया जा रहा है।

# युवती से दुष्कर्म का आरोपी जेल दाखिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

मामला दर असल पुरा विवरण कोंडागांव थाना क्षेत्र का है भरत ठाकुर पिता पिला सिह ठाकुर निवासी मडोनार के द्वारा चिखलपुटि निवासी युवति के साथ लगातार नौ वर्षो से शरीरिक संबंध स्थापित किया शादी के संबंध में बात करने से ताल मटोल करना एवं गली गलौच करने से तंग आकर प्रार्थी द्वारा थाना कोंडागव मे रिपोर्ट दर्ज किया गया। जिस पर एस सी एस टी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड मे भेजा गया जेल।

# राजपुर स्कूल में नवप्रवेशी छात्रों का किया गया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजपुर में 26 जून को शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विशेष रूप से नोडल अधिकारी देवश्री साहू सहायक अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना धमतरी उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तम नेताम जनपद सदस्य थे। अध्यक्षता आर के टंडन प्राचार्य ने की है तथा विशिष्ट अतिथि उदय लाल सेन, घसियाराम वट्टी, हुलार सिंह वट्टी ,लक्ष्मण सिंह नेताम,गिरधर पटेल, दयाराम नेताम थे। इस दौरान कक्षा पहली छठवीं एवं नवमी में नव प्रवेशी विद्यार्थियों का गुलाल लगा कर अभिनंदन किया गया और उन्हें पाठ्य पुस्तक गणवेश प्रदान किया गया। इस दौरान सरपंच यमुना वट्टी के द्वारा न्योता भोज का व्यवस्था किया गया था। मुख्य अतिथि उत्तम नेताम ने छात्राओं को लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया तथा बोर्ड परीक्षा में 80% से अधिक अंक लाने पर 1000 रूपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा करते हुए इस वर्ष 80% से अधिक अंक प्राप्त छात्र युवराज ध्रुव को सम्मान राशि प्रदान किया। इस दौरान मेघावी छात्र सम्मान के तहत युवराज ध्रुव,राजेंद्र कुमार, सगीना यादव, विकास ध्रुव, दुर्गा निषाद, पूर्वानी नागेश को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा श्रेष्ठ पालक के रूप में संतोष निषाद का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डोमार सिंह ध्रुव ने किया तथा आभार प्रदर्शन बी आर नागेश ने किया।

इस अवसर रामस्वरूप नेताम, मोहन चंद्रवंशी,केशव प्रजापति, हेमलाल यादव रोहिदास नेताम, सुलोचना जांगड़े भूनेश्वरी नेताम, निर्मला चंद्रवंशी दुर्गा वट्टी, मीना नागेश, सविता नेताम, रामकुंवर कुंजाम, गोमती कुंजाम, माधुरी मरकाम सहित बड़ी संख्या में पालक गण उपस्थित थे।

# मानसून सत्र की अनुपूरक बजट में सहकारी कर्मियों की उम्मीदें जगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरी

जिले सहित प्रदेश के सहकारी समितियों में कार्यरत 2058 समितियों के लगभग 13,000 कर्मचारी 30 से 40 वर्षों तक निरंतर समितियों के माध्यम से सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्तियों तक पहुंचाने वाले सहकारी कर्मी आज भी शासन की मूलभूत योजनाओं से काफी दूर हैं। जिला संघ ,महासंघ द्वारा निरंतर धरना, प्रदर्शन, विधानसभा घेराव, अनिश्चितकालीन आंदोलन, आदि उपाय के माध्यम से शासन प्रशासन छग सरकार को जगाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है, फिर भी असफलता हाथ लगी है। 18 जून को रायपुर तुता में धरना स्थल पर प्रदेश के कई हजार लोगों के द्वारा तीन सूत्रीय मांगों को मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री, खाद्य मंत्री तक शासन के सक्षम अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया।



नरेन्द्र साहू

22 जुलाई से 26 जुलाई 2024 तक मानसून सत्र में पांच बैठके होने की जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से प्राप्त हो रही है। किसानों की रात दिन सेवा करने वाले आज सहकारी कर्मी काफी असंतुष्ट है। क्योंकि उन्हें छग शासन के शासकीय कर्मचारियों की भर्ती सुविधा लाभ अन्य महंगाई वेतन भत्ते नहीं मिल पा रहा है। छग सरकार मुख्यमंत्री जो किसानों के साथ कर्मचारी हितैषी हैं उनसे पूरी आस है कि मानसून सत्र की अनुपूरक बजट में सहकारी कर्मी के लिए प्रांधकीय व्यय राशि वेतन अनुदान हेतु प्रतिवर्ष पांच लाख रुपया प्रावधान करेगी। आज पिछले वर्ष की धान का उठाव नहीं हुआ है, करोंड़ों रूपया की नुकसान समितियों को होने की संभावना है। शासन से निरंतर धान उठाव कर सुखत आदि समिति को देने की मांग की जा रही है और समिति प्रबंधकों पर धान सुखत के नाम पर अनावश्यक दबाव या अन्य कार्रवाही न करने की मांग भी लिखित रूप से दी गई है। पंजीयक के आदेश अनुसार जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के खाली समिति क्रेडर प्रबंधकों के पदों पर सीधी भर्ती का परीक्षा ली गई है परंतु समिति स्तर से कर्मचारियों को बैंक की भर्ती पर आज तक प्रारंभ नहीं किया गया है। यह जानकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने प्रेस को दी है।

# छात्रों को पुस्तक और गणवेश का वितरण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

शासकीय माध्यमिक शाला सिर्री में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामेश्वर प्रसाद सिन्हा पूर्व व्याख्याता हाईस्कूल सिर्री थे। स्कूल में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को पुस्तक और गणवेश वितरण किया गया। अतिथियों ने गुलाल लगाकर एवं मुंह मीठा कर बच्चों को प्रवेश दिलाया गया।

मौके पर सरोज कुमार साहू प्राचार्य हाईस्कूल, रामनिहोरा साहू संकुल समन्वयक सिर्री, विनय कुमार साहू प्रभारी प्रधानपाठक मिडिल स्कूल, कुलेश्वर सिन्हा, तुलाराम साहू, सालिकराम साहू, शोभाराम पटेल, जनक कुंभकार, घनश्याम पटेल, प्रमोद यादव, शिक्षक गिरवरलाल साहू, पुरषोत्तम कुमार साहू, पुष्पा कुर्रे उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों और स्कूल स्टाफ ने स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक गिरवरलाल साहू ने किया।

## पुस्तक एवं चॉकलेट देकर रोज स्कूल आने के लिए किया प्रेरित



**अंवरी**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंवरी में प्राचार्य आईआर साहू के मार्गदर्शन में शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ माता सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। गुलाल का टीका लगाकर बच्चों का अभिनंदन किया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष तथा सदस्यों ने बच्चों को पुस्तकों का वितरण एवं चॉकलेट देकर प्रतिदिन विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम से विद्यार्थी बहुत उत्साहित हुए और प्रतिदिन विद्यालय आकर पढ़ाई करने का भरोसा दिया। कार्यक्रम में शाला विकास समिति अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, बालाराम ध्रुव, चिंताराम मरकाम, मूलचंद चंदेल, लेखराम साहू, पुनेश्वर साहू, गैंदलाल पटेला, बिसाहू राम साहू, फलेंद्र ध्रुव, भानुमति, रतनी, शशि, शिक्षक पीएन साहू, केएल यादव, श्रीमती एन सिन्हा, श्रीमती पी सिन्हा, श्रीमती केएल घोघरे, एलबी साहू, डीके साहू, राम्हू ध्रुव, जनकलाल धृतलहरे, दिलीप कुमार कुर्रे, लक्ष्मीकांत साहू, सौरभ पटेल, रेखा मसराम, नरसिंह नेताम, पूरनदास डहरे समेत बड़ी संख्या में पालकगण एवं शिक्षक उपस्थित थे।

### 8 किमी दूर बसे कुरुद का व्यापार प्रभावित होने की आशंका

# टोल टैक्स से राहत दिलाने व्यापारी संघ ने एसडीएम से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

व्यापारी संघ कुरूद ने नगर सहित जिलेवासियों के लिए मरौद टोल प्लाजा को टोल कर मुक्त करने की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा एवं टोल टैक्स की राशि से भी राहत दिलवाने की गुहार लगाई है।

बुधवार को एसडीएम डीडी मंडावी को सौंपे अपने ज्ञापन में व्यापारियों ने कहा है कि नेशनल हाईवे 30 रायपुर रोड में ग्राम मरौद के पहले टोल प्लाजा का निर्माण किया गया है जो कुरूद से 8 किमी की दूरी पर है। ग्रामीण क्षेत्र के लिए कुरूद व्यापार का केंद्र है जहां लोग सामान की खरीदी बिक्री करने तथा अन्य कार्यों से भी आना-जाना करते हैं। मरौद टोल कर प्रारम्भ होने से शहर का व्यापार प्रभावित होने की आशंका है। टोल प्लाजा में धमतरी जिले के समस्त वाहनों को कर मुक्त किया जाये एवं टोल कर की राशि दर में भी कमी की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में व्यापारी संघ के अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा, उपाध्यक्ष रवि चंद्राकर, सचिव खिलेन्द्र चंद्राकर, कोषाध्यक्ष धनेश बैस, सदस्यगण टिकेश साहू, अनूप यादव, योगेश जैन शामिल रहे।



बता दें कि जब से टोल प्लाजा शुरू हुआ है तब से लगातार जिलेवासियों के लिए टैक्स मुक्त करने धमतरी विधायक, नेतागण, विभिन्न संघ, संगठन से जुड़े लोग कर मुक्त करने की मांग कर चुके हैं। अभी तक प्रशासन की तरफ से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा सका है। इस मामले पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डीडी मंडावी का कहना है कि टोल प्लाजा के मैनेजर को बुलाकर चर्चा कर कोई समाधान निकालेंगे।

# सामान्य सभा की बैठक में अवैध वृक्षों की कटाई का मुद्दा छाया रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

जनपद पंचायत कुरुद में सामान्य सभा के सम्मिलन में इस बार अवैध वृक्षों की कटाई का मुद्दा छाया रहा। बैठक में वन विभाग के अधिकारी नदारद रहे। सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी को अवैध वृक्षों की कटाई एवं सड़क निर्माण के दौरान काटे गये वृक्षों की जानकारी एवं चालान वसूल की राशि पटल में रखने निर्देशित किया गया। संतुष्टिप्रद जवाब संबंधित विभाग द्वारा नहीं देने पर आक्रोश व्यक्त किया गया। बुधवार को अध्यक्ष शारदा लोकनाथ साहू की अध्यक्षता में हुई बैठक में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठाते हुए अधिकारियों से जवाब मांगा। सामान्य सभा में बैठक से पहले सहायक वन परिक्षेत्राधिकारी से वृक्षों की अवैध कटाई संबंधी जानकारी व चालान से वसूली की राशि पटल पर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया, किन्तु संबंधित अधिकारी द्वारा जानकारी नहीं दी गई। इससे आक्रोशित सदस्यों ने एडीबी लोन 03 अंतर्गत किस-किस मद से राशि प्राप्त हुई है और विभाग की सभी योजनाओं की जानकारी सहित अगली बैठक में उपस्थित होने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। साथ ही वन स्थायी समिति की बैठक 1 सप्ताह के भीतर आयोजित करने की हिदायत दी गई।



**खबर संक्षेप**

## पोस्ट ऑफ द मंथ में विजेताओं का हुआ सम्मान



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिले में विनोबा ऐप के साथ शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन के लिए आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम संचालित हो रहा है। जिसके अंतर्गत आगामी शैक्षणिक सत्र 2024-25 में सभी शैक्षणिक गतिविधियों को विनोबा ऐप के माध्यम से संचालित किया जाएगा। इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एसके अंबस्ता द्वारा 24 से 25 जून को जिले के समस्त विकास खंडों में संचालित सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई और हायर सेकेण्डरी विद्यालयों से एक-एक शिक्षक हेतु विशेष कार्यशाला आयोजित किया गया। साथ ही इस में विकासखंड स्तर पर पोस्ट ऑफ द मंथ के विजेताओं को विकासखंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आगामी शैक्षणिक सत्र में शैक्षणिक गतिविधियों को विनोबा ऐप के माध्यम से संचालित कर शिक्षकों के समय की बचत के साथ-साथ दैनिक कार्य आसान करने वाले मुख्य कार्यक्रमों को शिक्षकों के साथ साझा करना था।

### जावंगा के आस्था गुरुकुल परिसर में रोपे गये 6 हजार पौधे

# अपने जन्म दिवस पर पौधे लगाने की परंपरा शुरू कर परिवेश को करें हरा भरा : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

जिले में चलाये जारे रहे वृहद वृक्षारोपण अभियान की कड़ी में गीदम ब्लॉक के जावंगा के आस्था गुरुकुल परिसर में आज जिले के विधायक चैतराम अटामी, उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, एसपी

■ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बालिकाओं के नाम पर भी लगाए पौधे

गौरव राय, वनमण्डलाधिकारी सागर जाधव, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्व रंजन, सहित स्कूल के छात्र छात्राओं और शिक्षकों द्वारा 6 हजार पौधे रोपित किये गये।

इसके साथ ही वृक्षारोपण कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को बढ़ावा देने के लिए बालिकाओं के नाम से भी पौधरोपण किया गया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि हम अक्सर अपने जन्म दिवस पर मनोरंजन प्रतिष्ठानों में जाकर अपने जन्म दिवस का जश्न मनाते है। हमें प्रण लेना चाहिए कि न केवल अपने जन्म दिवस पर बल्कि अपने



परिजनों के जन्म दिवसों पर भी कम से कम एक पौधा अवश्य लगायें और उसकी देखरेख करें। यही हमारे वृक्षारोपण अभियान की सच्ची सार्थकता होगी। पेड़ पौधे एवं पर्यावरण हमारी सांस्कृतिक धरोहर है पर्यावरण स्वच्छ रहेगा तो हमारा समुदाय भी स्वस्थ रहेगा। इसके साथ ही अन्य आगन्तुकों ने भी पर्यावरण को सुरक्षित रखने में पेड़ पौधों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धरती को मानव के रहने योग्य बनाने के लिए प्रकृति और पर्यावरण को सुरक्षित रखना चाहिए। पर्यावरण और धरती जीवन जीने के लिए सबसे आवश्यक चीजें मुहैया कराती हैं, जैसे सांस लेने के लिए हवा और पेट भरने के लिए भोजन, पानी। अंधाधुंध पेड़ की कटाई के कारण ऑक्सीजन की कमी हो रही है और मौसम चक्र भी बिगड़ रहा है। इसकी भरपाई केवल अधिक से अधिक पौधा लगा कर ही किया जा सकता है।

इस मौके पर विधायक अटामी ने लाल चंदन, उप पुलिस महानिरीक्षक कमलोचन कश्यप, कलेक्टर ने नारियल के पौधे लगाये। गौरतलब है कि आज वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत पूरे जिले में 100000 वृक्षारोपण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अंतर्गत जिले के समस्त शासकीय भवन स्कूल, आश्रम, छात्रावास, पोटाकेबिन, आंगनबाड़ी केंद्र, देवगुड़ी, सीआरपीएफ कैंप, स्वास्थ्य केन्द्रों में पौधे रोपित किये गये हैं।

कलेक्टर चतुर्वेदी ने इस मौके पर जानकारी दी है कि न केवल आज बल्कि पूरे मानसून सीजन में स्कूल परिसर, आश्रमों, शासकीय भवनों वाटिकाओं में पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। पौधा रोपण हमारे सुरक्षित भविष्य का एक निवेश है। न केवल पौधे लगाये जायेंगे, इसके साथ ही इसके संरक्षण के लिए भी लोगों को जागरूक किया जायेगा। साथ ही जिले के ऐसे हितग्राही कृषक जो अपनी कृषि भूमि में भी व्यावसायिक पौधे लगाना चाहते है। उन्हें भी इस प्रकार के पौधे दिये जायेंगे, जो भविष्य में उनके लिए आय का साधन बन सके। इस वृहद वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत सक्षम-1 एवं सक्षम-2 के दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने भी पौधरोपण करके सराहनीय योगदान दिया।

# ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को कम करने लगाएं पेड़ : ध्रुव

**नगर पंचायत में किया गया पौधरोपण**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

नगर पंचायत गीदम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 में स्थित गोठान एवं कंपोस्ट शेड गीदम में नगर पंचायत के समस्त जनप्रतिनिधि, कर्मचारियों एवं स्वसहायता समूह की स्वच्छता दीदियों द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी बीपी ध्रुव के निर्देशानुसार वृहद रूप से वृक्षारोपण महा अभियान चलाया गया। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी बीपी ध्रुव ने कहा कि बढ़ते हुए ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को कम करने के लिए पेड़ लगाना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने घरों एवं अपने आस पास में अधिक से अधिक पौधारोपण कर इस महा अभियान को सफल बनाए। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष साक्षी सुराना, उपाध्यक्ष मनकू लेखामी, पार्षद सावित्री साहू एवं समस्त पार्षद गण, विधायक प्रतिनिधि मदन लाल सोनी, स्व सहायता समूह की समस्त स्वच्छता दीदियां एवं नगर पंचायत के समस्त कर्मचारी गिरीश तिवारी, अंकित जैन, राम लखन पटेल, रतन यादव की भागीदारी सराहनीय रही।

**संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया**

# नव प्रवेशी बच्चों का शिक्षा के मंदिर में हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन 29 जून को संकुल चित्रकोट में किया गया। जिसमें संकुल के सभी स्कूलों के नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को शाला गणवेश, पाठ्य पुस्तक, स्लेट के साथ ही साथ न्यौता भोजन व बिस्किट, मिठाई इत्यादि वितरण कर उज्जल भविष्य के शुभकामना के साथ शिक्षा के मंदिर में स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत चित्रकोट की सरपंच बुटकी बाई कश्यप ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विकेश रंगारी उपाध्यक्ष मंडल लोहंडीगुड़ा, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पीलूराम बघेल, सावेंद्र सेठिया युवा मोर्चा अध्यक्ष लोहंडीगुड़ा के साथ ही पंचायत के उप सरपंच मुरलीधर कश्यप और वार्ड पंच, छात्रों के अभिभावक, एसएमसी



समूहों के सदस्यों की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आरंभ में संकुल समन्वयक अमित अवस्थी ने शिक्षा विभाग की समस्त योजनाओं से अतिथियों एवं पालकों को अवगत कराया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक नृत्य, माध्यमिक शाला चित्रकोट के बालिकाओं ने भी सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। तत्पश्चात नवप्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके बाद अतिथियों के द्वारा बच्चों को शाला गणवेश, पाठ्य पुस्तक, स्लेट प्रदान कर शुभाशीष प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों के लिए सरकार के मीडिया प्रोत्साहन के तर्ज पर सेल्फी प्वाइंट की भी व्यवस्था की गई थी। जिसमें सभी बच्चों ने बड़े उमंग से हिस्सा लिया। इसके पश्चात अतिथियों के द्वारा बच्चों के लिए उद्बोधन के रूप में आशीष वचन कहे गए तथा बच्चों के शिक्षा के हर आयाम में सफलता के लिए आशीर्वाद दिए। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों और अतिथियों को संकुल के समस्त शिक्षकों के द्वारा सहृदयता के साथ न्यौता भोजन कराया गया। विकासखण्ड लोहंडीगुड़ा के समस्त संकुलों में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम बीईओ चन्द्रशेखर यादव के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

## परपा में खुदा बोर महिलाओं में हर्ष



**तोकापाल।** तोकापाल ब्लॉक के परपा आवास प्लाट में शुक्रवार को बोर खनन किया गया। जिसे लेकर आवास प्लाट की महिलाओं ने विधायक विनायक गोयल तथा जनपद सीईओ वीरेंद्र बहादुर को धन्यवाद दिया है। दरअसल परपा के आवास प्लाट में महीनों से पेय जल समस्या बनी हुई थी। जिसे लेकर 27 जून को दर्जनों महिलाओं ने गांधी चौक में धरना प्रदर्शन किया था। इस दौरान विधायक विनायक गोयल ने समस्या का समाधान करते हुए आवास प्लाट में बोर खनन करवाने का आश्वासन दिया था और दूसरे दिन ही बोर खनन किया गया। इस त्वरित समाधान से परपा की महिलाओं में हर्ष व्याप्त है। महिलाएं इतनी खुश हैं कि वे बोर का हरा बटन विधायक से दबवाकर बोर का शुभारंभ करने की तैयारी कर रहें हैं। परपा आवास प्लाट की महिलाएं सोमवार को विधायक और जनपद सीईओ को न्यौता देने की तैयारी में हैं।

# अगले माह से सिर्फ ऑनलाइन होगा कोषालय व उप कोषालयों में बिल जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ शासन वित्त विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर, अटल नगर रायपुर, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार अगले माह जुलाई से सभी सरकारी कार्यालयों के आहरण संवितरण अधिकारियों को ऑनलाइन ही बिल प्रस्तुत करना होगा। आहरण और संवितरण अधिकारी द्वारा ई-कोष सॉफ्टवेयर में ई-पेरोल तथा ई-बिल मॉड्यूल में ऑनलाइन बिल तैयार किए जाएंगे और डीएससी का उपयोग करने के बाद बिलों को कोषालय को फॉरवर्ड किया जाएगा। ई-पेरोल में सिस्टम से जनरेटेड होने वाले शेड्यूल में प्रत्येक में डीएससी और ई-बिल में एक डीएससी आवश्यक होगा। यदि पे-बिल के साथ कोई डॉक्यूमेंट अपलोड किया जाना है, तो साइन्ड डाक्यूमेंट पीडीएफ फॉर्मेट में अपलोड किया जाएगा, जिसमें डीएससी आवश्यक नहीं होगा। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ने जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को सूचित किया है कि माह जुलाई से कोषालय और उप कोषालयों में बिलों को सिर्फ ऑनलाइन किया जाएगा। इस प्रक्रिया के सुचारू रूप से संचालन के लिए सभी आहरण व संवितरण अधिकारियों के पास नेटवर्क की सही स्पीड, देयकों के साथ अपलोड किए जाने वाले दस्तावेज की स्केनिंग करने के लिए स्केनर और अन्य आवश्यक इलेक्ट्रानिक सामग्री उपलब्ध करा दी गई है। साथ ही डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (डीएससी) भी आवश्यक होगा। कोषालय व उप कोषालयों में देयक प्रस्तुत करने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी।

**जानिए किस तरह करना होगा बिल अपलोड**

ट्रेजरी ऑफिसर ने बताया कि ई-पेरोल के अलावा अन्य सभी बिलों में एक डीएससी और सभी संलग्नक उप प्रमाणक को स्कैनिंग कर अपलोड करना होगा। इसमें डीएससी अनिवार्य नहीं होगा। यदि एक फाइल का साइज 5 एमबी से अधिक है तो फाइल साइज को कम्प्रेस कर अपलोड करना होगा। कम्प्रेस करने के लिए ऑनलाइन उपलब्ध किसी सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जा सकता है, अथवा देयकों की संख्या में वृद्धि की जा सकती है। सभी अटेचमेंट पीडीएफ फार्मेट में ही अपलोड करना आवश्यक होगा।

## प्राशा मांझीगुड़ा में मना प्रवेश उत्सव



*भोंड। विकासखण्ड बस्तर के प्राथमिक शाला मांझीगुड़ा में शुक्रवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के पूर्व मां सरस्वती के चित्र पर पूजा-अर्चना करने पश्चात शाला प्रबंधन विकास समिति सदस्यों के द्वारा बच्चों को तिलक लगा कर चॉकलेट, मिठाई समूह की महिलाओं ने खिलाये। इस अवसर पर शिक्षक नारायण लाल साहू ने कक्षा 1 व 2 के सभी बच्चों को स्कूल बैग प्रदान किया। ग्राम के मातृ शक्ति ने भी सहयोग प्रदान किया।*

# लखपति दीदी योजना, हथकरघा से जुड़कर आत्मनिर्भर बनेगी दीदियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला प्रशासन के द्वारा स्व सहायता समूह की दीदियों को आत्मनिर्भर बनाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है और उन्हें स्वरोजगार के ऐसे-ऐसे क्षेत्र उपलब्ध कराये जा रहे, जिसको पहले सोचा नहीं गया था। जिला प्रशासन से जुड़कर इन दीदियों ने आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ अपनी ही नहीं बल्कि पूरे परिवार की जिम्मेदारी संभाल रही है। इस क्रम में जिले में हथकरघा बुनकर इकाई की स्थापना की जा रही है, जिसमें गांव के महिला स्व सहायता समूह तथा गांव के युवा बेरोजगार युवाओं को रोजगार



का सुनहरा अवसर मिल रहा है। इसके तहत दंतेवाड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत बालपेट के भैरमबंद, धुरली गांव के समूह की 21 दीदियां तथा इच्छुक युवा वर्ग को चार माह का बुनकर का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान सभी हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रत्येक व्यक्ति को 3 तीन हजार रुपए भी दिया जायेगा। इसके अलावा प्रशिक्षण के उपरांत इन सभी को 10 से 15 हजार रुपये प्रति व्यक्ति प्रति माह कमाने का मौका भी मिलेगा।

इस प्रकार अब ग्रामीण महिलाएं किसी से कम नहीं है। अब वे हर क्षेत्र में अपने आपको साबित कर रही है। महिलाओं को आगे बढ़ाने में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा बहुत सी योजनाएं चलाई जा रही है, इनमें लखपति दीदी योजना प्रमुख है। योजना के अंतर्गत ही इन्हें हथकरघा में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

## सही तकनीक और उचित रणनीति से जैविक कृषि को देवें नई दिशा : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

दन्तेवाड़ा जिला जैविक कृषि के क्षेत्र में जैविक कृषि के क्षेत्र में अग्रणी जिला है, और जिले के कृषकों ने इसे जैविक कृषि जिला बनाने में प्रमुख भूमिका निभाई है।

3इस क्रम में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज जिले के स्थानीय बाजार शेड में भूमगादी एवं जैविक कृषि से जुड़े कृषकों से खरीफ

■ खरीफ सीजन की तैयारी के संबंध में जैविक कृषकों से कलेक्टर ने की चर्चा

सीजन एवं जैविक खेती के बारे विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए उनकी मांग और समस्याओं को सुना। इस दौरान कृषकों और कलेक्टर के मध्य देशी किस्म के बीज के किये जा रहे उपयोग, जैविक खाद, दवा, श्रीविधि एवं लाइन विधि से बुआई बिजामृत और गोमूत्र के उपयोग के अलावा कृषकों हेतु पशु शेड के निर्माण, फसल की मार्केटिंग, मूल्य, स्थानीय बाजारों में जैविक फसलों के लिए आरक्षित स्थान के संबंध में विस्तार पूर्वक विचार विमर्श हुआ। इस मौके पर कलेक्टर ने तारबाड़ी फेंसिंग के लिए प्रशासन के सहयोग की भी बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि जल की आवश्यकता बारिश के दिनों में वर्षा जल के संचयन के लिए कृषक जगह का चयन करें, ताकि मानसून के पश्चात इन स्थानों में निर्माण कार्य कराये जा सकें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उन्नतशील कृषकों के कृषि क्षेत्र में कृषकों के भ्रमण एवं स्थल परीक्षण की भी व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि वे नई कृषि विधियों से परिचित हो।

इस संबंध में कृषक कृषि विभाग से संपर्क कर उन्हें अवगत कराये। इस मौके पर जैविक कृषक से जुड़े ग्राम कासोली के मधुसूदन ठाकुर तथा हीरानार के लुदरू ने भी जैविक कृषि को बढ़ावा देने के संबंध में अपने विचार व्यक्त किये। मौके पर उप संचालक कृषि डीडी पनसारी ने भी खरीफ फसल के दृष्टिगत बीज भण्डारण एवं वितरण, जैविक खेती की तैयारियों, ज्यादा से ज्यादा नावेड टैंक निर्माण के संबंध में कृषकों को अवगत कराया।

# दंड संहिता से न्याय संहिता एवं समयबद्ध न्याय की ओर




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

इन्द्रावती सभाकक्ष में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 एवं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 तीन नए कानूनों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु कार्यशाला आयोजित हुआ। उक्त कार्यशाला में कलेक्टर अनुराग पाण्डेय, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ताजुद्दीन आसिफ कुरैशी, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने नए कानून के उद्देश्य उनकी उपयोगिता पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। तीनों कानूनों का पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया गया। डीएसपी श्र विनीत साहू, डीएसपी गरिमा दादर एवं लोक अभियोजन अधिकारी गणपति जांगड़े ने सारगर्भित ढंग से सामान्य शब्दों में समझाया। पुराने कानून और नए कानून का तुलनात्मक रूप से समीक्षा करते हुए उनके उपयोगिता को स्पष्ट किया गया। कार्यशाला में सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार,

■ भारतीय न्याय संहिता के तीन नए कानून 1 जुलाई 2024 से लागू

एडीशनल एसपी आईपीएस वैभव बैंकर, एडीशनल एसपी चंद्रकांत गवर्ना, संयुक्त कलेक्टर कैलाश वर्मा, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल, एसडीएम भैरमगढ़ विकास सर्वे, डिप्टी कलेक्टर उत्तम सिंह पंचारी, डीएसपी तुलसीराम लेकाम सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण, मीडिया प्रतिनिधि, अधिवक्तागण सहित गणमान्य नागरिकगण

## नव प्रवेशी छात्रों का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

विकास खण्ड बस्तर के संकुल केन्द्र आड़ावाल में 29 जून को संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हेमराज बघेल एसएमडीसी अध्यक्ष ने नव प्रवेशी छात्रों को तिलक, पुष्प गुच्छ, गणवेश, पाठ्य पुस्तक भेंट कर स्वागत किया और छात्रों को, उज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर विष्णु यादव संकुल शैक्षिक समन्वयक आड़ावाल, ज्ञानेंद्र आचार्य, देवली कश्यप, प्रिया ठाकुर, कौशल्या कश्यप, हेमराज कश्यप, वंदना कश्यप, पुष्प लता नाग, भुतेश्वर पाण्डेय, महेन्द्र मौर्य, शाईना जिलान, विद्या कौशिक, चयनिका भण्डारी, सुकान्ति पैंकरा, प्रियंका मिश्रा, दिनेश साव, धर्मेन्द्र मारकण्डे, हरिश्चन्द्र शोरी, दिनेश्वरी नेताम, सुनिता कश्यप, समस्त शिक्षक, जनप्रतिनिधि, एसएमसी के सदस्य, महिला स्वसहायता समूह के सदस्य, जनसमुदाय एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## जिला समिति के सदस्यों ने संस्थाओं का किया निरीक्षण



**जगदलपुर।** किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 के धारा 110 का प्रयोग करते हुए भारत सरकार द्वारा किशोर न्याय संशोधित नियम 2022 के नियम -41 (1) के प्रावधानों के तहत राज्य सरकार ने राज्य स्तरीय निरीक्षण समिति और जिला मजिस्ट्रेट जिला स्तरीय निरीक्षण समिति का गठन किया है। बस्तर जिले में जिला स्तरीय निरीक्षण समिति ने पंजीकृत बाल देखरेख संस्थाओं शा. बाल गृह (बालक), शा. सम्प्रेक्षण गृह (बालक), शा.सम्प्रेक्षण गृह (बालिका), शा. प्लेस आफ सेफ्टी (बालक), शा. विशेष गृह (बालक), शा. विशेष गृह (बालिका), बाल गृह (बालिका) सृजन सामाजिक संस्था, खुला आश्रय गृह (बालक) बस्तर सामाजिक जन विकास समिति एवं सेवा भारती (मातृ छाया) विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी जगदलपुर का त्रैमासिक निरीक्षण किया। समिति के सदस्य नरेन्द्र पाणिग्राही ने बताया कि सभी संस्थाएं किशोर न्याय अधिनियम के नियमानुसार संचालित की जाती है जिसमें विभिन्न प्रकार की पंजियों का संधारण किया जाता है। समिति के सदस्यों द्वारा समस्त पंजियों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया एवं संस्था में वर्तमान निवासरत बालक, बालिकाओं एवं कर्मचारियों से व्यक्तिगत चर्चा की गई। विगत तीन माह पूर्व निरीक्षण के दौरान संस्था के पूर्व की कमियों को पूर्ण कर लिया गया है। निरीक्षण के दौरान समिति ने संस्थाओं का कार्य संतोषप्रद पाया। संस्था के अधीक्षकों को निर्देशित किया गया कि आगामी समय में समिति के निरीक्षण के दौरान यही स्थित कायम रहे। निरीक्षण के दौरान त्रैमासिक जिला स्तरीय निरीक्षण समिति के सदस्य प्रतिमा पाल, डॉ. सी. मरियम व राजेन्द्र ठाकुर उपस्थित थे।

### शतरंज को जीवन का हिस्सा बनाइए : सैनी, संभागीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ

# जीत हार खेल का हिस्सा निराश नहीं होना चाहिए : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर






खेल एवं युवा कल्याण एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में जिला शतरंज संघ बस्तर द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ एसपी शलभ कुमार ने चाल चलकर किया।

मुख्य अतिथि के रूप में उन्होंने बताया कि उन्हें खेल का शौक बचपन से ही है वे बहुत सारे खेल खेलते थे पर शतरंज में थोड़े कमजोर थे। उन्होंने खिलाड़ियों को कहा कि जीत हार खेल का हिस्सा है आपको निराश नहीं होना है संघर्ष करके ही आगे बढ़ा जा सकता है। बस्तर जैसे क्षेत्र में लगभग 400 की संख्या देखकर बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने शतरंज संघ बस्तर के अध्यक्ष के साथ सभी पदाधिकारियों को इस उत्कृष्ट आयोजन की सराहना की।

पद्मश्री धर्मपाल सैनी ने आह्वान किया कि शतरंज को जीवन का हिस्सा बनाइए। बस्तर में शतरंज के इतने सारे खिलाड़ी देखकर सुखद आश्चर्य हो रहा है। सैनी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा यह अनवरत चलती रहना चाहिए। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमंत कुंटे ने बस्तर में आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता को एतिहासिक बताया और कहा कि बहुत ही अच्छा आयोजन यहां किया जा रहा है और इसका परिणाम बहुत अच्छा रहेगा और बस्तर के खिलाड़ियों को नेशनल इंटरनेशनल में भी खेलने का मौका मिल सकता है। जिला शतरंज संघ बस्तर के अध्यक्ष ने स्वागत भाषण में सभी स्कूलों के प्राचार्यों, शिक्षकों, अभिभावकों को अपने बच्चों को प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रोत्साहन देने हेतु हार्दिक धन्यवाद दिया। उन्होंने संगीता तिवारी का उल्लेख करते हुए अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभागी उपलब्ध कराए।

शशांक श्रीधर ने बताया कि हमारा उद्देश्य बस्तर की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए उनकी तलाश करना और उन्हें तराशना है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी जी के मार्गदर्शन में, हेमंत खुंटे और राकी देवांगन का सहयोग साथ ही प्रतियोगिता के आब्जर्वर अशोक दुबे का भी प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग रहा। साथ ही सुनील पिल्ले, कोटेश्वर राव के साथ सभी पदाधिकारियों सचिव हितेश तिवारी, उपाध्यक्ष पूर्णिमा सरोज, मीनेश पाणिग्राही, राजेश जेना, कोषाध्यक्ष अभिनव जेना, सह सचिव सोनू पांडे, बी एस ध्रुव, तरुण सारथी, जयश्री शेंडे, सुकीर्ति तिवारी, रीता माने, अविनाश माने, विनय कुमार सिंधे, अभिषेक जेना, ममता पांडे, बबीता,अनूप कुर्रे,नीरज पांडे , भूपेश साहू इन सभी का योगदान सराहनीय रहा। समारोह का संचालन पुर्णिमा सरोज ने किया।

## मनरेगा अंतर्गत निर्माणाधीन भवनों को जल्द पूर्ण करवाएं : सीईओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिले में संचालित मनरेगा कार्यों की समीक्षा के दौरान सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे ने कहा कि मनरेगा अंतर्गत निर्माणाधीन भवनों को जल्द पूर्ण करवाएं। उन्होंने कहा कि 15 जुलाई तक की समय-सीमा में अधूरे कार्यों को पूर्ण करवाएं, साथ ही मनरेगा अंतर्गत बारिश में किए जा सकने वाले कार्यों के स्वीकृति हेतु पंचायतों से प्रस्ताव देते हुए श्रमिक नियोजित करना सुनिश्चित करें। सीईओ ने जिले में स्वीकृत मनरेगा अंतर्गत निर्माणाधीन आंगनवाड़ी भवन और पीडीएस भवन जो अधूरे हैं और जिनका निर्माण कार्य की प्रगति धीमा है ऐसे कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए चिन्हित पंचायतों के सरपंच, ग्राम सचिव का समीक्षा बैठक जिला पंचायत के सभाकक्ष में शुक्रवार को लिया। जिसमें जिले के 98 ग्राम पंचायतों के सरपंच - ग्राम सचिव उपस्थित रहे।

बैठक में अनुपस्थित रहने पर कारण 4 सचिवों को तथा कार्य में लापरवाही के लिए दो तकनीकी सहायकों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में मनरेगा शाखा के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## नकली नोट छापकर नक्सलियों ने साबित कर दिया इनका संबंध आतंकवादियों से है : पारख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भाजपा सरकार और सुरक्षाबल के जवान नक्सलियों को ध्वस्त करने के लिए मिशन मोड पर काम कर रहे हैं। भाजपा नेता मनीष पारख ने मीडिया को कहा है कि, भाजपा सरकार में बस्तर में केवल विकास की धारा बहेगी। बस्तर में सुरक्षा बल के जवानों को लगातार सफलता मिल रही हैं। नक्सली डरे सहमें हुए और पलायन करने के लिए मजबूर हो गए हैं। विकास विरोधी नक्सली अपने मनसूबे पर कभी कामयाब नहीं होंगे। बस्तर के भोली-भाली जनता नक्सलियों के खोखले और शोषण करो, राज करो की विचारधारा को समझ गई हैं, नक्सलियों के काले कारनामें उजागर हो रहे हैं। नक्सलियों ने केवल बस्तर को लूटने और वसूली करने का अपना अड्डा बना के रखा हैं। गौरतलब है कि, नक्सली नकली नोट छापकार बस्तर को आर्थिक रुप से कमजोर कर रहे थे। नक्सलियों नकली नोट के माध्यम से बस्तर के छोटे बड़े व्यापारियों को चुना लगाकर लूटने का काम किया हैं।

नक्सलियों का नकली नोट छापना इस बात को साबित करता है कि इनका संबंध आतंकवादियों से है दशक भर पहले इंटेलिजेंस एजेंसी द्वारा भेजी गई रिपोर्ट के अनुसार नक्सलियों का सालाना लेवी वसूली पांच सौ करोड़ रुपये हैं। इस वसूली से अंदाजा लगाया जा सकता हैं कि नक्सली बस्तर का विकास कभी नहीं चाहते थे उनका उद्देश्य केवल बस्तरवासियों का शोषण कर अपना पेट भरना था। नक्सलियों द्वारा बनाएं गए जाली नोट आज भी बाजार में घूम रहे होंगे। जिसका खामियाजा बस्तर के लोगो को भुगतना पड़ सकता हैं।

पारख ने कहा स्वयं को जनता का हितैषी बताने वाले नक्सलियों की कायराना करतूत का नतीजा है कि नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बलों को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से जगह-जगह लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से लगातार बस्तर के आम लोगों की मौत व घायल होने की घटना आए दिन सामने आ रही है जिसका ताजा उदाहरण दंतेवाड़ा जिले के बारसूर थाना क्षेत्र में बुधवार रात क्रियाकर्म से लौट रहे भाई-बहन नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए आईईडी की चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गए।

नक्सली ठेकेदारों, तेंदुपत्ता संग्राहकों और माइनिंग वालों से वसूली करने का काम करते हैं। छत्तीसगढ़ के बाहर प्रदेश के नक्सली बस्तर क्षेत्र के भोले भाले लोगो को बहला फुसलाकार नक्सलवाद में भर्ती कर उनका शोषण करने का काम किया हैं। नक्सली मोटी रकमों की वसूली कर अपनी जेब भरते है और बस्तर के विकास, उन्नति और प्रगति में बाधक बनते हैं। बस्तर की जनता नक्सलियों की खोखली और लूटने की विचारधारा को समझ गई हैं।

## रोटरी क्लब ने किया अलग-अलग किस्म के पौधों का वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रोटरी क्लब के पहल से शनिवार को लालबाग स्थित महाराणा प्रताप चौक में शहर और ग्रामवासीयो को नि शुल्क पौधा वितरण किया गया।

संस्था अध्यक्ष दिनेश कागोत ने बताया कि रोटरी इंटरनेशन पोलियो के बाद अब पर्यावरण को बचाने पर कार्य कर रही हैं। आज जगदलपुर रोटरी क्लब द्वारा मानसून प्रवेश के अवसर पर पर्यावरण को बचाने में सहायक अलग अलग किस्म के पौधों का निशुल्क वितरण किया गया, और पर्यावरण बचाने से संबंधित लोगो को जानकारी भी दी गई। संस्था के पुर्व अध्यक्ष एवं पर्यावरण प्रेमी रो किशोर पारख ने बताया की क्षेत्र के विकास के कारण आजकल पर्यावरण का दोहन लगातार हो रहा है जिससे गंभीर परिणाम देखने को मिलते है इन परिणामो को देखते हुए पौधे वितरण कर उनकी सुरक्षा एवं जानकारी द्वारा पर्यावरण को बचाने के लिए रोटरी एक कोशिश कर रहा है और भविष्य में इस तरह के कार्य करता रहेगा। आमजनों ने पौधे एवं जानकारी प्राप्त कर रोटरी के इस कार्य की काफी सराहना की है

## सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षा पर प्रशिक्षित हुए शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



- सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षा पर शिक्षकों की कार्यशाला

कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद के सफल मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, यूनिसेफ एवं छत्तीसगढ़ एग्रीकॉन समिति के संयुक्त तत्वाधान में बीजादूतीर अंतर्गत आयोजित एससी एल सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षा पंथक पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षकों का बीजापुर जिला पंचायत सभा कक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल के बच्चों के सामाजिक एवं भावनात्मक समझ को शिक्षक अनुभव कर पाएं, ताकि पढ़ाई के दौरान बच्चों को भावनात्मक रूप से समझने में आसानी हो। छत्तीसगढ़ एग्रीकॉन समिति के राज्य समन्वयक सह मास्टर ट्रेनर दानिश के हुसैन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। चर्चा के दौरान शिक्षकों ने बताया की बीजापुर जिले में वर्तमान स्थिति में काफी बच्चें शाला त्यागी है, शाला त्यागी होने के कारण जानने पर चर्चा हुई। इसी कड़ी में शिक्षकों ने बताया कि बच्चें आर्थिक स्थिति के कारण पढ़ाई में मन ना लगना, पालक व शिक्षक भावनात्मक रूप से बच्चें को ना समझ पाना एवं पालक शिक्षा के महत्व को नही समझना अन्य कारणों पर सभी शिक्षकों ने अपनी प्रतिक्रिया दी। इन सभी कारणों को कैसे दूर करें कार्य करने की समझ विकसित की गयी। बच्चों में आत्म जागरूकता में व्यक्तिगत विकास, भावनात्मक जागरूकता स्वयं को जानना, दूसरों की भावनाओं की पहचान, अनुभूति करना, भावनात्मक नियंत्रण, विकासशील मानसिकता, स्थिर मानसिकता, बच्चों के मन में स्कूल आने व शिक्षकों आदि से डर एवं तनाव से बाहर निकालना, सामाजिक एवं भावनात्मक शिक्षा पर विस्तृत चर्चा की गयी, बच्चों की स्थिर मानसिकता को दूर करके बच्चें शाला त्यागी ना बने, पढ़ाई में मन लगे इस विकासशील मानसिकता व सकारात्मकता को लाने पर लक्ष्य बनाया गया।


इस प्रशिक्षण में राज्य समन्वयक सह प्रशिक्षक दानिश के हुसैन, बीजादूतीर जिला समन्वयक अशोक पांडेय, ब्लॉक समन्वयक हर्षिता पंडा, भारत कारम सहित 30 से अधिक शिक्षक एवं बीजादूतीर स्वयं सेवक उपस्थित थे।

## राजस्व प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में करें सुनिश्चित : कलेक्टर



**बीजापुर।** कलेक्टर अनुराग पाण्डेय की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक आज सम्पन्न हुई। जिसमें कलेक्टर ने कहा कि राजस्व विभाग छग शासन का महत्वपूर्ण अंग है। वहीं सरकार बनने के बाद नए प्रकरणों, किसानों की ऋण पुस्तिका सहित अन्य दस्तावेजों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय-सीमा से बाहर वाले सभी अविवादित नामांतरण और सीमांकन के प्रकरणों को राजस्व अधिकारी तत्काल निराकरण करना सुनिश्चित करें। सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी व्यक्तिगत रूप से सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा सहित सभी प्रकार के राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर कैलाश वर्मा, एसडीएम बीजापुर जागेश्वर कौशल सहित सभी अनुभाग के एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार सहित राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## एनसीसी प्रशिक्षण शिविर में 347 कैडेटों ने लिया भाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

छत्तीसगढ़ बालिका बटालियन एनसीसी परचनपाल में इस प्रशिक्षण सत्र के प्रथम प्रशिक्षण शिविर का आयोजन परचनपाल कन्या शिक्षा परिसर में 20 से 29 जून तक किया गया। इसमें पांच जिलों के 347 कैडेटों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण शिविर में एनसीसी कैडेटों को सैन्य प्रशिक्षण देने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास की ओर विशेष ध्यान दिया गया। ताकि वे आगे चलकर जिम्मेदार नागरिक बने और देश के विकास में योगदान दें। 28 जून की संध्या को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल मुख्य अतिथि थे। शिविर के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को मेडल और प्रशस्ति पत्र बांटे गए। बाहर से आए हुए मेहमानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कैंप कमांडेंट कर्नल अमित आदर्श, डिप्टी कैम्प कमांडर कर्नल डीबी भास्कर, सूबेदार मेजर धर्मेंद्र सिंह, एनसीसी अधिकारी और सभी पीआई स्टाफ ने कैडेंटों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# विवि में पीएचडी की 65 सीटों के लिए 137 अभ्यर्थी देंगे साक्षात्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर ने 28 जून को पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए साक्षात्कार के लिए चुने गए अभ्यर्थियों की सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। विवि ने पीएचडी प्रवेश परीक्षा 16 मार्च 2024 को ली थी। प्रवेश लेने के लिए कुल 530 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था जिनमें से यूजीसी नेट अथवा यूजीसी सीआईएसआर नेट अथवा गेट आदि के आधार पर कुल 61 अभ्यर्थियों को प्रवेश परीक्षा में बैठने से छूट प्रदान की गई। परीक्षा में कुल 209 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया जिनमें से शोध नियमों और यूजीसी के विनियम 2022 के प्रावधानों के आधार पर 76 छात्र-छात्रा लिखित प्रवेश परीक्षा के आधार पर साक्षात्कार के लिए चुने गए। इस प्रकार यूजीसी नेट एवं सीआईएसआर आदि परीक्षाओं के अभ्यर्थियों और प्रवेश परीक्षा के आधार पर कुल 137 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जा रहा है। जिसके आधार पर विश्वविद्यालय 65 सीटों पर प्रवेश देगा। विवि में कुल 16 शोध निदेशक हैं, जो 9 विषयों में शोध निर्देशन करते हैं। विवि ने विषयवार तथा आरक्षण श्रेणीवार शोध निर्देशकों के पास रिक्त सीटों का विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है। सभी श्रेणी के छात्र अपने विषय में रिक्त सीटों को देख सकते हैं। हर आरक्षण श्रेणी के छात्रों के लिए पीएचडी करने के लिए रिक्त सीटों की संख्या अलग-अलग है। इससे आवेदकों को पूर्ण जानकारी प्राप्त करने में सुविधा मिलेगी। अलग-अलग विषयों के अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार की अलग-अलग तिथि तय की गई है। साक्षात्कार सुबह 10 बजे से विवि में आयोजित होगा।

### संकायवार होगा साक्षात्कार

इसके अलावा अन्य दिशा-निर्देश व जानकारी अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। मानव विज्ञान एवं जनजातीय अध्ययन का साक्षात्कार 10 जुलाई को, वानिकी एवं वन्य जीव 10 जुलाई, वाणिज्य 10 जुलाई, हिंदी 11 जुलाई, अंग्रेजी 11 जुलाई, राजनीति विज्ञान 11 जुलाई, इतिहास 12 जुलाई, अर्थशास्त्र 12 जुलाई, समाजशास्त्र के लिए 12 जुलाई को साक्षात्कार होगा। अभ्यर्थियों को निश्चित तिथि में विवि में पहुंचना होगा। तय तिथि पर उनके साक्षात्कार के साथ ही डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन भी होगा। साक्षात्कार के पश्चात विवि शोध अध्यादेश 45 एवं यूजीसी के पीएचडी विनियम 2022 के अनुसार विभिन्न विषयों में आरक्षण श्रेणी एवं रिक्त सीटों के आधार पर प्रवेश देगा। प्रवेश की सूचना अभ्यर्थियों को विवि की वेबसाइट और ई मेल के माध्यम से दी जाएगी।

# थानों से निकलकर जनता के बीच पहुंच रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



थानों से निकलकर जनता के बीच पहुंच उनकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है। चलित थानों में लोग आवेदन देकर अपनी समस्याओं से पुलिस को अवगत करा रहे है जहां उनकी समस्याओं को सुनने के बाद हर तरह की मदद की जा रही है।

बस्तर एसपी शलभ कुमार सिन्हा की पहल पर जनता के समस्याओं का निराकरण मौके पर किया जा रहा है इसके साथ ही अपराधिक तत्वों पर अंकुश लगाने उनके विरुद्ध लगातार कार्यवाही भी की जा रही है।

एसपी के निर्देश व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन में थाना प्रभारियों द्वारा चालित थानों के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है। एसपी ने बताया कि पुलिस थानों से निकलकर जनता के बीच पहुंचे एवं जनता व पुलिस के मध्य सहयोगात्मक व सहज संबंध स्थापित करने शहर एवं देहात में चलित थानों का संचालन कर उनकी समस्याओं का समाधान करें। इसी तारतम्य में चलित थानों के माध्यम से जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनकर कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान लोगों से आपराधिक तत्वों की जानकारी देने और अपराधियों को पकड़ने में पुलिस को सहायता करने की जनता से अपील की जा रही है। इसके साथ ही वर्तमान परिपेक्ष्य में होते साइबर अपराध, सड़क दुर्घटना एवं नशीले पदार्थों के उपयोग पर रोकथाम व व्यापक उपायों से जनता को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

चलित थाना के माध्यम से 1 जुलाई से लागू होने वाले नवीन कानून के प्रति जागरूकता लाने बस्तर पुलिस द्वारा मुहीम चलाई जा रही है। शुक्रवार को थाना कोतवाली के कालीपुर, थाना बोधघाट के आड़ावाल, थाना परपा के करंजी एवं थाना कोड़नार के बास्तानार में एसडीओपी व थाना प्रभारियों द्वारा चलित थानों का संचालन कर लोगों की समस्या सुनी गई। इस दौरान लोगों को नए कानून की जानकारी देते हुए जागरूकर करने का प्रयास किया गया। एएसपी माहेश्वर नाग ने बताया कि चलित थाना का संचालन आगे भी जारी रहेगा।

## मेंटनेंस में कर्मियों के साथ एई, जेई भी जुटे रहे



जगदलपुर। विद्युत कंपनी इन दिनों बारिश से पूर्व उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए विद्युत लाईन का मेंटनेंस किया जा रहा है। इसमें विद्युत कर्मचारियों के साथ-साथ सहायक अभियंता एसआर भद्रे, निरंजन सिंह कंवर, कनिष्ठ अभियंता डीसी मांझी, बीएस उरांव भी श्रमिक की तरह जुटे हुए हैं। शनिवार को धरमपुरा जोन अंतर्गत अशोका लाइफ स्टाइल कॉलोनी कंगोली, इंडस्ट्रीज कंगोली, कंगोली डोंगरीपारा, माड़ियापारा, महाराणा प्रताप वार्ड, गैरेज लाइन, बटालियन, एसएस कोल्ड, नाहरमुंडा, जगदलपुर जोन के पॉवर हाउस चौक, महादेव घाट, भैरमदेव वार्ड, शिव मंदिर वार्ड, पंच रास्ता चौक, केंद्रीय जेल, महावीर चौक, एसबीआई चौक, प्रतापगंज, मेन रोड, ठाकुर रोड एवं आसपास के क्षेत्र के बिजली बंद रहने से उपभोक्ता परेशान रहे।